रोहतक शुक्रवार, 14 मार्च 2025 | फाल्गुन मास | शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | वर्ष : 29, अंक : 43 | पृष्ठ 12 | मूल्य 3.00 | मौसम अधि. 32.2 न्यून. 16.3 | haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

होली की शुभकामनाएं




## शुभकामनाएं

रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 16 मार्च रविवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## पीएम मोदी ने दी होली पर्व की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि हर्ष एवं उल्लास से भरा यह पावन-पर्व भारतवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे। देशभर में शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनाएं।

## 15 मार्च हिंदी की परीक्षा न देने वाले छात्रों को एक और मौका

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीएसई ने घोषणा की कि होली के कारण 15 मार्च को हिंदी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले 12वीं कक्षा के छात्रों को पर्चा लिखने का एक और अवसर मिलेगा। एक बयान में कहा कि कुछ स्थानों पर होली का पर्व 15 मार्च को मनाया जाएगा इसलिए यह फैसला लिया है।

### बजट सत्र के 5वें दिन भी हंगामा नायब ने विपक्ष पर कसे तंज

# सीएम सैनी ने दिखाया आईना तो कांग्रेस ने किया वॉकआउट

## मुख्यमंत्री बोले, ये तो सरकार बनने से पहले ही नौकरियों का सौदा कर चुके थे, कहा था-50 वोट पर एक नौकरी देंगे


योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट-सत्र के 5वें दिन भी सदन में जमकर हंगाम हुआ। सदन में सीएम नायब सैनी ने विपक्ष को आईना दिखाया तो कांग्रेस सदस्य सदन से वॉकआउट कर गए। दरअसल, राज्यपाल के अभिभाषण पर गुरुवार को सीएम सैनी ने जवाब दिया और विपक्ष पर जमकर तंज कसे। इस दौरान बिना पर्ची, बिना खर्ची की बात पर विपक्ष ने हंगामा किया। तो सीएम ने कह दिया कि हुड्डा साहब ने चुनाव में दो लाख नौकरियां देने की बात कही थी। इनके उम्मीदवार कहते थे कि हमारे कोटे में 2000 नौकरियां हैं। 50 वोट दो, एक नौकरी देंगे। ये सरकार बनने से पहले ही नौकरियों का सौदा कर चुके थे। इस पर पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और विपक्षी विधायकों ने हंगामा किया। इसके बाद सीएम ने कहा, आपने बहुत कुछ कहा है, अभी तो मैंने शुरू ही किया है। इसके बाद सभी विपक्षी विधायक सदन से वॉकआउट कर गए। सीएम उन्हें रोकते रहे, लेकिन वे बाहर निकल गए। इस पर सीएम ने कहा, आज जो लोग उठकर चले गए हैं, उनमें सुनने का माद्दा नहीं है। इनका यही हाल रहा तो आने वाले चुनाव में इनका सूपड़ा साफ हो जाएगा।



### मई में हो जाएगी सीईटी परीक्षा

सीएम ने सदन में आश्वासन दिया कि युवाओं का इंतजार जल्द समाप्त होगा। कुछ सुझावों पर बदलाव के साथ सीईटी की परीक्षा मई तक हर हाल में करा ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने 11:37 पर जवाब देना शुरु किया और ढाई घंटे से ज्यादा का वक्त लिया। मुख्यमंत्री ने जहां अपनी सरकार की बिना पर्ची, खर्ची के नौकरी दिए जाने, एचकेआरएन लाकर ठेकेदारी कुप्रथा को समाप्त करने, आनलाइन तबादला नीति, समान विकास अन्य मुद्दों पर विस्तार से उपलब्धियां गिनवाईं। किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदे जाने के अलावा पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के समय में साथ ही खुद के वक्त के दौरान उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से कहा। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वालों को आंकड़ों के सहारे सीएम ने जवाब दिया और इनेलो कांग्रेस दोनों को उनके वक्त की याद दिलाई दी। सीएम ने चुटकी ली और बताया कि विस चुनावों से पहले कांग्रेस के उम्मीदवार किस तरह की बातें, जनता केबीच में किया करते थे।



### अर्जुन व आदित्य देवीलाल को सुनाई खरी-खरी

सैनी विपक्षी विधायकों के नाम ले लेकर जवाब दिया। इस दौरान कांग्रेसी तो जा चुके थे, सीएम ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आफताब अहमद, बीबी बतरा, डा. रघुबीर कादियान, कुलदीप वत्स, गीता भुक्कल सभी के नाम लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर पलटवार किया। इसके अलावा मौके पर मौजूद अर्जुन चौटाला, आदित्य देवीलाल को भी बातों ही बातों में नसीहत दी और कहा कि उन्हें भी अपने आंकड़ों को चेक कर लेना चाहिए। सदन के अंदर हर बात तथ्यों के साथ में रखनी चाहिए।



### डॉ. कृष्ण मिढ़ा व डॉ. अरविंद पर ली चुटकी

विपक्ष की सीटों को खाली देखकर सीएम अपना जवाब देते वक्त बार-बार चुटकी लेते रहे, सामने डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा को देखकर बोले-चलो वे तो चले गए, मिढ़ा से ही काम चला लेंगे। इस बीच सीएम नायब सैनी जब बोल रहे थे, तो कुछ मिनटों के लिए डा. अरविंद शर्मा ने रोका व कोई बात रखने लगे। इस पर सीएम हंसे बोले मुझे लगा विपक्ष नहीं है, तो उसकी भूमिका हमारी तरफ से ही कोई ना कोई निभा लेगा।

## सिसोदिया और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की होगी जांच



राष्ट्रपति ने प्राथमिकी दर्ज करने की मंजूरी दी, स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में 1,300 करोड़ के घोटाले के आरोप

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में 1,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने 2022 में कथित घोटाले की जांच की सिफारिश की थी और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी थी। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में सिसोदिया और जैन के मंत्री रहने के दौरान हुए घोटाले के संबंध में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 17 फरवरी, 2020 की एक रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा दिल्ली सरकार के स्कूलों में 2,400 से अधिक कक्षाओं के निर्माण में घोर अनियमितताओं को उजागर किया। इससे पहले 11 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।

## आईआईएम रोहतक के बोर्ड निदेशक को निलंबित करें या छुट्टी पर भेजें

शिक्षा मंत्रालय ने जारी किया निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रोहतक के बोर्ड से कहा कि वह संस्थान के निदेशक धीरज शर्मा को या तो निलंबित कर दे या धन के कथित दुरुपयोग के मामले में उनके खिलाफ जांच पूरी होने तक उन्हें छुट्टी पर भेज दे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। निदेशक को अगले आदेश तक आईआईएम परिसर क्षेत्र से दूर रहने के लिए भी कहा गया है। शर्मा के खिलाफ आरोपों में आईआईएम रोहतक की वित्तीय स्थिति को गलत तरीके से बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना और 2018-19 से आईआईएम रोहतक के निदेशक को भारी मात्रा में 'वेरिएबल पे' (प्रत्येक वर्ष एक करोड़ रुपये से अधिक) का भुगतान करने के लिए ऐसे हेरफेर किए गए आंकड़ों का उपयोग करना शामिल है।

## हिसार एयरपोर्ट को मिला लाइसेंस 5 राज्यों के लिए शुरू होंगी उड़ानें

हरियाणा के लिए बड़ी खुशखबरी लोगों को राहत

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा के इकलौते एयरपोर्ट को हवाई जहाज उड़ाने के लिए लाइसेंस मिल गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने गुरुवार देर शाम को यह लाइसेंस जारी किया है। अब हिसार एयरपोर्ट से जल्द अयोध्या, जम्मू, जयपुर, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएंगी। लाइसेंस मिलने के बाद अब हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क साधकर समय मांगेगी। सबकुछ ठीक रहा तो रामनवमी के दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या जाने वाली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं।

## होली पर चार जिलों में ओले गिरे 3 दिन बूंदाबांदी-बारिश का अलर्ट

फरीदाबाद, नूंह रेवाड़ी, और चरखी दादरी में ओलावृष्टि

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच गुरुवार को होली के दिन अचानक मौसम ने चौंका दिया। गुरुवार दोपहर बाद 4 जिलों में बारिश के साथ जमकर ओले गिरे हैं। इन जिलों में फरीदाबाद, रेवाड़ी का जाटूशाना, चरखी दादरी और नूंह शामिल हैं। मौसम विभाग ने 14 मार्च से 16 मार्च तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा 16 मार्च के बाद राजस्थान की सीमा से लगते हरियाणा के जिलों में तेज हवाएं और तूफान का सामना करना पड़ सकता है। प्रदेश में पिछले कुछ दिन से हर रोज तापमान में 1 डिग्री की बढ़ोतरी हो रही थी।

### इसरो को स्पेडेक्स उपग्रहों को 'डी-डॉक' करने में सफलता मिली

## चंद्रयान-4 व गगनयान मिशन का रास्ता खुला

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'डी-डॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज (चंद्रयान-4), मानव अंतरिक्ष उड़ान(गगनयान) और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशन के लिए रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उपग्रहों की सफल 'डी-डॉकिंग' (अलग करने) की घोषणा की। सिंह ने कहा, 'स्पेडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय रूप से 'डी-डॉकिंग' की प्रक्रिया को पूरा किया। उन्होंने कहा, 'इसरो की टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है।'

### पिछले वर्ष शुरू हुआ मिशन

स्पेडेक्स मिशन पिछले साल 30 दिसंबर को शुरू किया गया था, जब इसरो ने अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों-एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। 'स्पेस डॉकिंग' अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। कई प्रयासों के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों को सफलतापूर्वक 'डॉक' किया था।



## विधानसभा बजट सत्र में ढाई घंटे बोले सीएम नायब सिंह सैनी, उठाए मुद्दे

# सदन में शायरना अंदाज में नजर आए मुख्यमंत्री लोकल भाषा में लेते रहे चुटकी, जमकर कसे तंज

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बृहस्पतिवार को होली के रंग में रगें नजर आए। उन्होंने जहां राज्यपाल के अभिभाषण और विपक्ष के आरोपों पर सदन में जवाब देते वक्त लगभग ढाई घंटे का वक्त लिया लेकिन किसी को बोर नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री सैनी अपने चिरपरीचित अंदाज में विपक्ष के मजे ले-लेकर हमले करते रहे।

### कादियान और हुड्डा को दादा कहा

सीएम ने सदन से बाहर जाते वक्त कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रघुबीर कादियान, वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दादा-दादा, आप हमारे दादा हैं कहहकर सदन में मौजूद सभी सदस्यों को हंसने पर मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण भी अक्सर गंभीरता के साथ में सदन की कार्यवाही को चलाते हैं, लेकिन उन्हें भी बार-बार विधानसभा अध्यक्ष महाराज...अध्यक्ष जी महाराज कहकर हंसने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बाहर जाते सदस्यों और उनके जाने के बाद में सीएम ने जमकर चुटकी ली। अभिभाषण पर जवाब देते हुए बार-बार जहां कांग्रेस पर वार किए वहीं, इनेलो को भी नहीं छोड़ा अर्जुन व आदित्य देवीलाल का नाम लेकर धोया। लगभग पौने तीन घंटे के जवाब में मुख्यमंत्री को स्पीकर ने टोका-सीएम साहब आपके लिए शुद्ध जल रखा गया है, इस पर उन्होंने पानी तो नहीं पिया, लेकिन चुटकी लेते हुए कहा कि, बाहर जाकर देखो अध्यक्ष महाराज कांसी पाणी पी रहे होंगे। मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए विपक्ष के एक एक आरापो का जवाब देते रहे सरल और हलके अंदाज में कांग्रेस की आलोचना करने से पीछे नहीं हटे। सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर चुटकी ली और कहा कि गलत नीतियों के कारण जनता ने इन्हें जीरो पर आउट कर दिया। विधानसभा नतीजों से कुछ घंटे पहले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कई बातों का जिक्र करते हुए तरह तरह के दावे करने वाले कांग्रेसी नेताओं को जमकर धोया और खूब तंज किए। सीएम ने कहा कि कांग्रेस वालों ने तो मुख्यमंत्री, मंत्री तक तय कर लिए अफसरों की सूची तैयार कर ली और विभागों का बंटवारा कर बैठे हुए थे। जिन्होंने पहले से हिस्से और पद बांट लिए थे, लेकिन लोगों ने इन्हें राजनीति के खेल से बाहर कर दिया।

### कांग्रेस की सीटों पर होगा इनेलो : नायब सैनी



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में चार शेर भी पढ़े। उनके हर शेर में कांग्रेस पर तंज था। इनेलो के प्रति सीएम थोड़ा नरम भी दिखाई दिए और विधायक अर्जुन चौटाला का नाम लेकर कहा कि भले ही कांग्रेस वाले वाकआउट कर चले गए, लेकिन आपको कहीं नहीं जाना है, भले ही कुछ भी हो जाए आपको हर हालात में अंदर ही रहना है। इस पर अर्जुन मंद-मंद हसंते रहे और एक बार उठकर डिप्टी स्पीकर के पास नेता विपक्ष की चेयर पर बैठ गए। इस पर सीएम बोले अगली बार भी यहीं बैठना है। साल 2029 में कांग्रेस वाले नहीं, बल्कि इनेलो वाले भाजपा सरकार के सामने वाली बेंचों पर बैठे नजर आ सकते हैं। उन्होंने चुनाव में कांग्रेस की सत्ता नहीं आने पर चुटकी ली और शेर पढ़ा...जल्दी जागना हमेशा अच्छा होता है, फिर चाहे वो नींद से हो, अहम से हो, वहम से हो...।

#### अवैध खनन पर नजर : पंवार

हरियाणा के खान एवं भू- विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार अवैध खनन पर लगातार नजर रख रही है तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पट्टेधारियों द्वारा उन्हें दिए गए खनिज अधिकारों के बदले में सरकार को ही रॉयल्टी दी जा रही है। माइनिंग विभाग द्वारा 62 करोड़ रुपये की राशि जमा करवाई गई जिसका विकास कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

#### खिलाड़ियों का ध्यान : गौतम

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग द्वारा वर्ष 2018 से 2024 तक प्रदेश के 9,202 पात्र खिलाड़ियों को कुल 428.82 करोड़ रुपये के पुरस्कार राशि वितरित की जा चुकी है और जिन खिलाड़ियों की शेष पुरस्कार राशि बची है वह शीघ्र ही खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी। खेल राज्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

#### गांव-ढाणियों के सभी घरों में पेयजल कनेक्शन : रणबीर गंगवा

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत सभी गांव और ढाणियों में सभी घरों में घरेलू पेयजल कनेक्शन दिए हैं। जल वर्ष 2019-20 में घरेलू सर्वेक्षण कराया गया था। इस सर्वेक्षण बिना कनेक्शन के पाए गए सभी निर्धारित 30 लाख 41 हजार घरों को 6 अप्रैल 2022 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत कवर किया जा चुका है, जिसकी कुल लागत 3789.24 करोड़ा रुपये आई है।

#### गायों के लिए उठाए कदम : गोयल

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2014 के बाद गोवंश के संरक्षण के लिए बजट में सरकार ने बढ़ोतरी की है। 8 करोड़ की लागत से गांव नैन (पानीपत) तथा गांव ढंढूर (हिसार) में 5,000 पशुओं को रखने की क्षमता वाले दो गौ अभ्यारण्य बनाए गए हैं। अभ्यारण्य स्थापित करने के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

#### स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर : आरती

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रदेश में हर जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो जाएंगे तो एमबीबीएस में दाखिले की सीटें भी बढ़कर 3600 हो जाएंगी।राव ने बताया कि लोहारू में स्थित 50 बिस्तर के उपमंडल नागरिक अस्पताल को 100 बिस्तर के अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा , इसके निर्माण के लिए जल्द कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

**भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

### अभिभाषण में भाजपा ने राज्यपाल से झूठ बुलवाया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पहले भाजपा ने राज्यपाल से अभिभाषण में झूठ बुलवाया और अब अभिभाषण पर बोलते हुए सरकार खुद झूठ पर झूठ बोल रही है। यानी एक झूठ को छुपाने के लिए बीजेपी सरकार को एक के बाद एक झूठ बोलने पड़ रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी रोजगार देने, महंगाई रोकने, अपराध पर नकेल कसने, नशे की रोकथाम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने से लेकर विकास करवाने समेत हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। अब इस सरकार के पास अपनी नाकामियों को छिपाने



और उनसे ध्यान भटकाने के लिए सिर्फ इवेंटबाजी और कोरी लफ्फाजी बची हुई है। हुड्डा ने कहा कि अबतक विधानसभा सत्र के दौरान बीजेपी विपक्षी विधायकों के किसी सवाल का उचित जवाब नहीं दे पाई। कांग्रेस विधायकों ने तथ्यों के साथ अभिभाषण में किए गए तमाम दावों की पोल खोलकर रख दी। हालांकि इस सरकार को आईना दिखाने के लिए विपक्ष की जरूरत नहीं है। अगर बीजेपी खुद के 2014, 2019 और 2024 वाले मेनिफेस्टो को उठाकर देख लेगी तो उसे पता चल जाएगा कि उसने जनता के साथ कितना बड़ा विश्वासघात किया है। इतना ही नहीं, अगर बीजेपी एनएसएसओ, एसपीआई और एनसीआरबी से लेकर केंद्र सरकार के तमाम आंकड़ों को उठाकर पढ़ लेगी तो उसे खुद पता चल जाएगा कि वो कितने पानी में है।

**अभय चौटाला**

### विपक्ष की भूमिका निभाने में कांग्रेस विफल साबित

राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री के जवाब देने के दौरान कांग्रेस द्वारा सदन से वॉकआउट करने पर इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कांग्रेस सदन के अंदर और सदन के बाहर विपक्ष की भूमिका निभाने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है। भूपेंद्र हुड्डा बीजेपी के एजेंट बने हुए हैं। सदन में मुख्यमंत्री अपनी सरकार की तारीफ में कसीदे गढ़कर झूठ पे झूठ बोले जा रहे थे। हरियाणा का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक सदन से नदारद थे।

### विस अध्यक्ष ने दी होली की शुभकामनाएं

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज यहां चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अपनी तथा पूरे सदन की तरफ से प्रदेश की जनता को रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि रंगों के इस त्यौहार की सामाजिक सौहार्द का पारम्परिक महत्व है तथा होली के रंग हमारे देश की विविधता में एकता के प्रतीक हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड कैटल फीड प्लांट, रोहतक और एनिमल फीड प्लांट सकताखेड़ा हेतु कच्चे माल की खरीद के लिए अल्प अवधि ई-निविदा। | 13.03.2025 19.03.2025 | 11.72 लाख | www.hafed.gov.in | 1722590520 hafed@hry.nic.in |
| 2 | हैफेड | सरसों की क्रशिंग, तेल के उत्पादन, पैकिंग और सभी श्रम कार्यों इत्यादि के लिए हैफेड ऑयल मिल रेवाड़ी और नारनौल के सभी आउटसोर्सिंग कार्यों के लिए ई-निविदा। विवरण HTTPS://ETENDERS.HRY.NIC.IN और WWW.HAFED.GOV.IN पर उपलब्ध हैं। | बंद होने की तिथि 25.03.2025 | 10 लाख | www.hafed.gov.in | 1722585912 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32846/I/88/6 दि. 13.03.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में टाउन पार्क का पुनरोद्धार। | 12.03.2025 21.03.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secymeham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32852/I/88/6 दि. 13.03.25



**कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी**

**वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन अनुबंधों हेतु पुन: ई-निविदा सूचना**

उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2025-26 हेतु बवानी खेड़ा, बहल, भिवानी, चांग, धनाना, ढिगावा, जुई, लोहारू, सिवानी, तोशाम और खरक कलां मण्डियों के लिए परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा का आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना | वित्तीय बोलियों का खुलना और डीएलटीसी द्वारा निविदा को अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम एवं दुलाई | 13.03.2025 अप. 12.00 बजे | 18.03.2025 अप. 5.00 बजे | 19.03.2025 पूर्वा. 9.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |
| परिवहन | 13.03.2025 अप. 12.00 बजे | 18.03.2025 अप. 5.00 बजे | 19.03.2025 पूर्वा. 9.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी / जिला भिवानी की अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 हेतु रबी और खरीफ के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (अनिल कालरा)
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

पीआरडीएच-1042/11/78/2025/32795/88/6 दि. 13.03.25



**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office Hafed, Jind Road Kaithal (HARYANA)
TEL: 01746-222626, E-Mail: dmhfdktl@hry.nic.in

HAFED

**TENDER/QUOTATIONS NOTICE**

Sealed quotations/offers are hereby invited from various Pvt. Parties having experience in the line for calibrations & repair of food grains moisture meters. In HAFED, KAITHAL there are approximately 50 moisture meters which are to be calibrated. Interested parties may submit their quotations/offers on 17.03.2025 upto 12:00 PM in District Office Hafed, Jind Road, Kaithal. The interested parties are supposed to submit the quotations with complete details of firm and to quote the rates required for calibrations purpose.

The parties will have to deposit Rs. 10000/- as earnest money in the form of DD in favour of DM Hafed, Kaithal alongwith quotations & desired documents for inspection by the committee. The earnest money of the successful party will be converted into security amount and shall be refunded after successful completion of calibrations/repair work. No interest shall be paid on security amount. The quantity of moisture meters may vary by little. Hafed reserve the right to accept or reject any quotations/offers without giving any reason.

Sd/- District Manager
Hafed, Kaithal


### इनेलो से 'चश्मा' चुनाव चिह्न वापस ले चुनाव आयोग : वीरेंद्र सिंधु

**चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग के नियमों को पूरा नहीं करने के बावजूद इंडियन नेशनल लोकदल के चुनाव चिन्ह 'चश्मा' के आवंटन को अब तक सुरक्षित रखने के मामले में जननायक जनता पार्टी ने बड़ी हैरानी व्यक्त की है। जेजेपी प्रवक्ता वीरेंद्र सिंधु ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में इनेलो का प्रदर्शन चुनाव चिन्ह बचाने में आयोग की शर्तों पर खरा नहीं उतरा था, इसके बावजूद 10 माह का समय बीत जाने के बाद भी अब तक आयोग ने कोई उचित कार्रवाई नहीं की है, जो कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली का मजाक है। वीरेंद्र सिंधु ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में आरटीआई लगाकर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था, लेकिन आयोग की तरफ से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। सिंधु ने मांग की है कि आयोग इस पर तुरंत विचार करके उचित कार्रवाई करें, अन्यथा उन्हें मजबूरन दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटकाना पड़ेगा।


**नीलामी सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी व उसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड तोशाम, सिवानी, बवानी खेडा व लोहारू पर स्थित दुकानों/खोखा/पार्किंग स्थान को वित वर्ष 2025-26 2026-27 व 2027-28 के तहत किराये पर देने के लिए नीलामी की पहली बोली दिनांक 21-03-2025 को प्रातः 11:00 बजे की जायेगी। दूसरी बोली दिनांक 25-03-2025 को प्रातः 11:00 बजे (पहली बोली आंशिक/पूर्ण सफल न लेने उपरान्त) तथा तीसरी बोली दिनांक 28-03-2025 प्रातः 11:00 बजे (दूसरी बोली आंशिक/पूर्ण सफल न लेने उपरान्त) की जायेगी।
इच्छुक बोली दाता दुकानों का विवरण व पोलिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी से प्राप्त कर सकता है।

हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन,
भिवानी।

पीआरडीएच 1119/11/587/2025/32812/88/6 दि. 13.03.2025


### शाह ने की हरियाणा की तारीफ

**चंडीगढ़।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा की तारीफ की। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है कि हरियाणा को सिर्फ मोदी पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद नगर निगम और नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा को अपना आशीर्वाद देने के लिए हरियाणा की जनता का आभार। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस ऐतहासिक जीत के लिए हरियाणा के



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और सभी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी है। शाह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है।


**MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)**

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Tender Value in ' | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of ILPB Street from House Naresh to House of Balwan in Ward No. 03 in MC Uchana. | 13-Mar-2025 09:00 AM & 20-Mar-2025 05:00 PM & 21-Mar-2025 10:00 AM | 20,91,645 | http://etenders.hry.nic.in | sery-Uchana@ulbharyana.gov.in | 2025_HRY_433313_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Estimate for Night Sweeping of Street/Roads and lifting of Garbage in Municipal Committee Uchana. | 13-Mar-2025 03:00 PM & 03-Apr-2025 12:00 PM & 03-Apr-2025 02:00 PM | 90,84,096 | http://etenders.hry.nic.in | sery-Uchana@ulbharyana.gov.in | 2025_HRY_433387_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana



**दी कनीना कोऑप्रेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. कनीना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कनीना मंडी में सरसों खरीद के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवष्यकता है जो कुशल लेबर समिति दी कनीना सहकारी विपणन समिति कनीना के माध्यम से ठेका लेने की इच्छुक हो वह दिनांक 18.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अपना आवेदन जमा करें। टेंडर फॉर्म प्रबंधक कमेटी के सामने दोपहर 2.00 बजे खोले जाएंगे। इच्छुक लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय पुरानी अनाज मंडी कनीना में दिनांक 17.03.2025 सांय 4.00 बजे तक टेंडर फॉर्म तथा नियम व शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक
दी कनीना सहकारी विपणन समिति लि. कनीना


### एचकेआरएन कर्मियों को किया जाए नियमितः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि सरकार का बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने के दावे की पोल खुल चुकी है, 84 प्रतिशत हासिल करने वालो को नौकरी दे दी गई जबकि 100 प्रतिशत अंक हासिल करने वालो को नौकरी नहीं मिली। इतना ही नहीं सरकार समान काम-समान वेतन के सिद्धांत का पालन नहीं कर रही है, एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है, अगर सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों का हित चाहती है तो खाली पदों पर नई नियुक्ति करने से पूर्व सभी एचकेआरएन कर्मचारियों को नियमित किया जाए, सरकार अगर चाहे तो ऐसा कर सकती है क्योंकि एक लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-03-25 (18 lots) | 25.03.2025 / 12:00 | 25.03.2025 / 15:30 |
| 2. | UMB-SLR-03A-25 (01 lots) | 26.03.2025 / 12:00 | 26.03.2025 / 12:30 |

| SN. | Auction Catalogue No. & Train Details. | SN. | Auction Catalogue No. & Train Details. |
|---|---|---|---|
| | UMB-SLR-03-25 (18 lots) | | |
| 1 | 12450 (FSLR-I) | 6 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 2 | 14218 (FSLR-II, RSLR-I) | 7 | 22452 (FSLR-I) |
| 3 | 14242 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 8 | 12312 (FSLR-II) |
| 4 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 9 | 12312 (RSLR-I) |
| 5 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | | |

| SN. | Auction Catalogue No. & Train Details. |
|---|---|
| | UMB-SLR-03A-25 (01 lots) |
| 1 | 22686 (FSLR-I) |

ई-नीलामी में भाग लेने या ई-नीलामी से संबन्धित किसी अन्य जानकारी, जैसे कि एक-बार पंजीकरण, एस.बी.आई. चालू खाते को आई.आर.ई.पी.एस. से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

सं.: NR-UMB0COML(PLTN)/1/2023-O/o DCM1/UMB/NR 809/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राजकीय चिकितसा महाविद्यालय खानपुर कलां में पीएम-एबीएचआईएम के तहत 50 बिस्तर वाले क्रिटकल केयर हॉस्पीटल ब्लॉक (सीसीएचबी) का निर्माण। | 10.03.2025 01.04.2025 | 1121.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में बहालगढ़ से गढ़ अस्सदपुर यमुना घाट वाया दीपालपुर, मुकिमपुर, नंदनौर रोड आरडी 0 से 11850 एमटीआर (आईडी 6022, 11646, 6030) रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 10.03.2025 24.03.2025 | 927.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भुना में राजकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम हॉल के लिए पीवीसी रिजिड फोम शीट और छात्र साइकिल पार्किंग स्टैंड और मौजूदा चारदिवारी पर फेंसिंग का प्रावधान व फिक्सिंग + 1 कार्य। | 06.03.2025 17.03.2025 | 21.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में हॉस्पिटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु। | 17.03.2025 01.04.2025 | 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खां मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक, इंधन और रखरखाव सहित किराये पर लेना। | 17.03.2025 31.03.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह, हरियाणा में लाँड्री सेवाओं हेतु। | 17.03.2025 03.04.2025 | 1.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | सिविल सर्जन, चरखी दादरी | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु डीएच एंड एफडब्ल्यूएस सोसाइटी चरखी दादरी के लिए समवर्ती अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए निविदा सूचना का प्रकाशन। | 13.03.2025 26.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 7419951260 damcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-4 पर 02 अदद 50 सीएस. वीटी एक्सियल फ्लो पम्पस (पी-4 और पी-6) मेक डब्ल्यूपीआईएल की विशेष मरम्मत पुनः ई-निविदा और महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-5 पर 01 अदद 50 सीएस. वीटी एक्सियल फ्लो पम्पस (पी-5) मेक फ्लोमोर की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 6.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 317000 पर जेएफ-I पम्प हाउस पर सम्प की गाद सफाई। | बंद होने की तिथि 20.03.2025 | 11.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 10 | महाप्रबंधक, हरियाणा रोडवेज, करनाल | होर्डिंग बोर्ड विज्ञापन बस स्टैंड्स। | 14.03.2025 02.04.2025 | 110 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842254290 gmhrknl@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज नारनौल | कांवी ब्लॉक नारनौल - बाबूलाल पुत्र रामजीवन के मकान से खानपुर कक्काड तक आईपीबी रास्ता और एलईई जोहड़ तक खराब जल नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 12.03.2025 19.03.2025 | 156.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | विदेशी सहकारिता विभाग, चण्डीगढ़ में निदेशक के कार्यालय का पुनरोद्धार। | 12.01.2025 18.01.2025 | 9.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/240/32844/I/88/6 दि. 13.03.25

# श्मशान में चिता से छेड़छाड़, मुर्गे की बलि दी

## ■ सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी, एक संदिग्ध गिरफ्तार ■ तीन मार्च को बुजुर्ग का अंतिम संस्कार हुआ था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना (फतेहाबाद)

धौलू गांव के श्मशान घाट में तांत्रिक विद्या और टोने-टोटके करने की शिकायत पुलिस को मिली है। आरोप है कि चिता के पास मुर्गे की बलि दी गई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया है। धौलू निवासी जय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 मार्च को उनके पिता रामकुमार का निधन हुआ था। हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शव का अंतिम संस्कार शमशान घाट में किया गया। 4 मार्च को जब वे श्मशान पहुंचे तो चिता के साथ छेड़छाड़ की आशंका हुई। इस पर 7 मार्च को वहां सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। 9 मार्च की सुबह फुटेज चेक की तो शक सही निकला। शिकायतकर्ता ने बताया कि सीसीटीवी में रात के समय एक तांत्रिक नजर आया। उसके पास एक मुर्गा और टोने-टोटके से जुड़ी सामग्री थी। फुटेज में तीन अन्य लोग भी सेंट्रो कार में बैठे दिखे। कार का नंबर एचआर 26 एएल 1785 था। तांत्रिक और उसके साथी मुर्गे की बलि देने के बाद कार से लौट गए। शिकायत मिलते ही थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बीट इंचार्ज चिमनलाल को जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

■ रात के समय श्मशान पहुंचा तांत्रिक



भूना। श्मशान घाट के सीसीटीवी में तांत्रिक क्रिया करने पहुंचे लोग।

### तांत्रिक विद्या और मुर्गे की बलि देने की शिकायत

पुलिस जांच अधिकारी चिमनलाल ने बताया कि धौलू गांव के श्मशान घाट में तांत्रिक विद्या और मुर्गे की बलि देने की शिकायत मिली थी। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# श्मशान में 50 लोगों को मधुमक्खियों ने काटा, 11 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गांव नांगल शालू में अंतिम संस्कार में गए करीब 50 लोगों को श्मशान घाट पर मधुमक्खियों ने काट खाया। इनमें से 11 लोगों की हालत गंभीर हो गई। जिनको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ लोग निजी अस्पताल में भी इलाज करा रहे हैं। गांव नांगल शालू में एक वृद्धा प्रभाती देवी की मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद ग्रामीण उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गांव के ही श्मशान घाट पर गए थे। जैसे ही लोग वहां श्मशान घाट पर पहुंचे तो वहां लोगों पर मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। जिस पर लोग वृद्धा की डेडबॉडी को ही वहां पर छोड़कर भाग खड़े हुए। मधुमक्खियों ने करीब 50 से अधिक लोगों को काट लिया। लोगों ने भागकर आसपास छुपकर अपने आप को बचाया। इसके बाद जब मधुमक्खियां शांत हुई, तब मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। मधुमक्खियों के काटने के बाद करीब 11 लोग गंभीर हो गए। इन लोगों में 42 वर्षीय मुकेश कुमार, 87 वर्षीय लख्मीचंद, 55 वर्षीय बलबीर सिंह के अलावा आजाद, ईशान, बाबूलाल, शीशराम, सुनील, संदीप, मनोज व विक्रम शामिल हैं।

■ नांगल शालू के शमशान घाट में महिला का अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे

### चक्कर आने लगे

घायल मुकेश ने बताया कि किसी को उल्टी आने की शिकायत हुई, तो किसी का मुहं सूज गया। किसी को चक्कर आने लगे। जिसके बाद वहां पर अन्य ग्रामीणों ने उनको नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। इनके अलावा भी कई अन्य लोग प्राइवेट अस्पताल में चले गए।

# वेटनरी सर्जन ने किया सांप का सफल ऑपरेशन, सड़ा मांस बाहर निकाला

**भिवानी**। आमतौर पर लोग सांप से डरते है और उसके हाथ लगाने पर कांटने के डर से दूर भागते है, लेकिन पशुपालन विभाग के वेटनरी पॉलीक्लीनिक ने दुर्लभ उपलब्धि हासिल कर घायल सांप का सफल ऑपरेशन किया। इस जटिल प्रक्रिया के बाद सांप पूरी तरह स्वस्थ हो गया है। इस उपलब्धि की सराहना उच्च अधिकारियों ने भी की है। वेटनरी पॉलिक्लीनिक के पशु चिकित्सक सुभाष ने सांप को एनिस्थिया दिया व डॉ. जोनी ने सांप का ऑपरेशन किया। डॉ. जोनी ने बताया कि सांप के एक जगह से कुछ हिस्सा कटा हुआ था और वहां से अंदर का भाग गला-सड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि अगर इसका ऑपरेशन नहीं किया जाता तो सांप की मृत्यु तक भी हो सकती थी।


**सांप की जिंदगी बचाई**
जीव-जंतु विभाग के कर्मचारी लेकर आए थे और पशु चिकित्सकों ने बिना समय गवांए ऑपरेशन कर सांप की जिंदगी बचाई।

# ड्रेन से 3 फीट लंबा मगरमच्छ पकड़ा



**कुरुक्षेत्र**। सरस्वती ड्रेन से एक मगरमच्छ करीब 3 फीट लंबा और लगभग 40 किलो वजनी मिला है। मगरमच्छ को गोताखोरों की टीम ने पकड़कर वाइल्ड लाइफ डिपार्टमेंट को सौंप दिया है। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सरस्वती ड्रेन में एक मगरमच्छ देखा गया है। सूचना पाकर वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उनको देखते ही मगरमच्छ ड्रेन में उतर गया। उसे पकड़ने के लिए गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ जाल लेकर ड्रेन में उतर गए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

# जाति प्रमाणपत्र बनवाने गए युवक को पटवारी व उसके साथियों ने बंधक बनाया

■ गाली गलौच करने, मोबाइल छीनने का भी आरोप

**जींद**। सफीदों में राजस्व विभाग के पटवारी की दादागिरी सामने आई है। जिसने जाति प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करवाने आए युवक को अपने साथियों के साथ कमरे में बंधक बना लिया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। आरोपितों ने युवक के साथ हाथापाई करते हुए गाली गलौच भी की।

शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर राजस्व विभाग के पटवारी समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी। गांव सिंघाना निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ईसाई धर्म से संबंध रखता है और उसकी जाति कश्यप है। जो पिछड़ा वर्ग बीसीए वर्ग में आती है। गत दिवस वह अपने जाति प्रमाण पत्र की रिपोर्ट करवाने के लिए सफीदों में हलका पटवारी संदीप के पास गया था। जिसने रिपोर्ट करने से मना कर दिया। जिसको लेकर उसकी कहासुनी हो गई और अभद्र व्यवहार पर उतर आया। जब उसने गाली गलौच करने का विरोध किया तो आरोपितों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे कमरे में बंद कर दिया और उसका मोबाइल फोन छीन लिया।

### शोर मचाने पर लोगों ने कमरे से बाहर निकाला

बचाव में शोर मचाए जाने पर कार्यवश आए लोगों ने कमरा खुलवाकर उसे बाहर निकाला। शहर थाना सफीदों पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर पटवारी संदीप को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की कार्यकारिणी भंग



**चंडीगढ़**। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने एक अहम बैठक कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा को भंग कर दिया है। अब इसके नए सिरे से चुनाव करवाए जाएंगे। बैठक में डॉ. विनोद खनगवाल के अलावा ईएचएमसीएचआर के उपाध्यक्ष विनोद तोब्रिया, डॉ. नारायण सिंह तेवतिया, रजिस्ट्रार डॉ. वेद रावत कानूनी सलाहकार डॉ. संदीप सानी, सेक्रेट्री ज्ञान सिंह सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष पीके अरोड़ा, डॉ. सतीश मलिक और डॉ. लालचंद शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि ईएचएमसीएचआर की बॉडी को भंग कर नए सिरे से चुनाव करवाया जाए। डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि चुनाव के लिए जल्द बैठक बुलाकर फैसला लिया जाएग। फिलहाल अगले आदेशों तक ईएचएमसीएचआर भंग रहेगी।

# कोल्ड ड्रिक की आड़ में दुकान में बेचे जा रहे थे पटाखे, चार क्विंटल जब्त

■ सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी में खुलासा, आतिशबाजी को सीज कर थाने भेजा

**जींद**। सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार को नई सब्जी मंडी के पास गुप्ता कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान पर छापेमारी कर चार क्विंटल 31 किलो 200 ग्राम पटाखे बरामद किए हैं। जींद एनसीआर क्षेत्र में होने के चलते यहां पटाखों के चलाने पर बैन है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी सब्जी मंडी में धड़ल्ले से पटाखों को बेचा जा रहा है। जोकि एनसीआर नियमों का उल्लंघन है। जबकि जींद में पटाखों की बिक्री पर सख्त बैन है। डीएसपी पवन शर्मा के नेतृत्व में सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह, एसआई सतपाल सिंह, एसआई चरण सिंह, एफएफएसओ देवीप्रसन्न, एएसआई नवजीत, तेजवीर की टीम ने सब्जी मंडी की दुकान नंबर 16 के गुप्ता कोल्ड ड्रिंक्स पर पहुंचे। यहां दुकानदार प्रिक्षू गुप्ता को साथ लेकर उसके गोदाम पर छापेमारी की गई तो भारी मात्रा में पटाखे मिले। इसमें फिरकी, फुलझड़ी, थैली बमं, पॉप राकेट, चटर-पटर समेत दूसरे ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ मिले। दुकानदार से लाइसेंस मांगा गया तो वह लाइसेंस दिखाने में नाकाम रहा। टीम ने पटाखों को प्लास्टिक के कट्टों में पैक किया था। इसका वजन किया गया तो चार क्विंटल 31 किलोग्राम 200 ग्राम पाया गया। माल को सील लगा कर शहर थाना में भेज दिया।




### ये बोले अधिकारी

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन शर्मा ने बताया कि दुकानदार प्रिक्षू गुप्ता बिना लाइसेंस के पटाखे व विस्फोटक पदार्थ बेच रहा था। जिस पर छापेमारी कर चार क्विंटल 31 किलोग्राम 200 ग्राम विस्फोटक पदार्थ मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## खबर संक्षेप



### लखनऊ के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे मार्श

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श को आईपीएल में बतौर बल्लेबाज़ खेलने की मंजूरी मिल गई है और पीठ में चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने से चूकने वाले मार्श अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। मार्श ने फ़रवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ का रुख़ किया और इसके बाद उन्होंने समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फ़ैसला किया। पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाज़ी का अभ्यास शुरू किया है और उन्हें आईपीएल में सिर्फ़ बतौर बल्लेबाज़ खेलने की अनुमति मिली है, ऐसे में वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीज़न इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते दिखाई दे सकते हैं।

### पैरालंपिक चैंपियन वैनेसा ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद एथलीट वैनेसा लो ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री के अंतिम दिन टी61-64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की पेरिस खेलों की पदक विजेता प्रीति पाल ने टी35-38 वर्ग 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। भारत कुल 134 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा जिसमें 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल रहे। ग्रां प्री में लगभग 150 भारतीयों ने भाग लिया था जबकि लगभग 100 अन्य 19 देशों से थे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कुछ शीर्ष सितारों में से एक वैनेसा ने अपने तीसरे प्रयास में 4.96 मीटर की दूरी तय की और पोडियम के शीर्ष पर खड़ी रहीं।

## बैडमिंटन: डेनमार्क के डेनियल और मैड्स को 21-17, 21-15 से हराया

# सात्विक-चिराग की 40 मिनट में शानदार जीत, अब चीनी चुनौती से होगा सामना

**एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम**



भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले महीने अपने पिता के निधन के बाद कोर्ट पर लौटे सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से हराया।

अब उनका सामना चीन के हाओ नान शि और वेइ हान जेंग से होगा। जीत के बाद सात्विक ने अपनी ऊंगली आसमान की ओर उठाई और ऊपर देखते रहे। शायद अपने पिता को तलाश रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह बहुत कठिन है लेकिन जीवन ऐसा ही है।' सात्विक ने दुख के क्षण में साथ रहने के लिए चिराग को धन्यवाद देते हुए कहा, 'वह उस समय मेरे घर आया। हमने थोड़ा अभ्यास किया और मैं उसका शुक्रगुजार हूं। वह मेरी चोट के समय भी मेरे साथ था। उसके माता पिता और हमारे कोच भी आए। मेरे पिता हमेशा चाहते थे कि वे हमारे यहां आएं।' चिराग ने कहा, 'सात्विक ने इतना सब झेला और यहां खेलने का फैसला किया। कोई और ऐसा नहीं कर सकता था। वह काफी मजबूत है और मुझे गर्व है कि वह मेरा जोड़ीदार है।'



### प्रणय के बाद सिंधू भी पहले दौर में बाहर

भारत की स्टार शटलर और दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को सिंधू ने साउथ कोरिया की गा यून किम के खिलाफ अच्छा शुरुआत की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख पाईं। पहला गेम जीतने के बाद सिंधु को यह मुकाबला 21-19, 21-13, 21-13 से हार मिली। रोहन और रुतविका की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-10 17-21 24-22 से हराया। वहीं, एचएस प्रणय को पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा, उन्हें फ्रांस के उच्च रैंकिंग वाले टोमा जूनियर पोपोव से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### क्रिस्टी को हराकर लक्ष्य अंतिम आठ में

भारत के लक्ष्य सेन ने आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर उलटफेकर करते हुए पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला एकल खिलाड़ियों का अभियान मालविका बंसोड के हारने के बाद समाप्त हो गया। लक्ष्य ने एक तरफा मुकाबले में क्रिस्टी को 21-13 21-10 से पराजित करने में महज 36 मिनट लगाए। इस जीत से लक्ष्य का क्रिस्टी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 3-4 हो गया है।

### महमूदुल्लाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ढाका।** बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वर्ष 2021 में टेस्ट और 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 39 वर्षीय महमूदुल्लाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।' महमूदुल्लाह 36.46 की औसत से 5689 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## सूरज ने 1,000 मीटर में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**पटना।** उत्तराखंड के सूरज सिंह ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन बुधवार को यहां 1,000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड कायम कर सुर्खियां बटोरीं। पाटलिपुत्र खेल परिसर में लड़कों की 1,000 मीटर दौड़ में कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। शीर्ष दो धावकों ने दो मिनट 27.20 सेकेंड के 15 साल पुराने राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। पिछला रिकॉर्ड 2010 में राहुल पाल द्वारा बनाया गया था। सूरज ने दो मिनट 26.04 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि रजत पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने भी दो मिनट 26.59 सेकेंड के समय के साथ पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। हरियाणा के सोहित विजेंदर ने दो मिनट 27.27 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जो पिछले साल बिलासपुर में मोहम्मद नूरुद्दीन द्वारा बनाए गए 2:28.89 मिनट के मीट रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन था। भाला फेंक में लड़कों के वर्ग का स्वर्ण पदक हरियाणा के हिमांशु ने 72.00 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीता। पश्चिम बंगाल की मिस्टी करमाकर ने 45.04 मीटर की दूरी के साथ लड़कियों की भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

क्रिकेट

# रोहित को संन्यास लेने की जरूरत नहीं : डिविलियर्स



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहनीं है और वह वनडे क्रिकेट के महानतम कप्तानों में से एक होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद रोहित के संन्यास की अटकलें तेज थी लेकिन सैतीस वर्ष के रोहित ने भारत को तीसरी बार खिताब दिलाने के बाद इन अटकलों को खारिज किया। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'दूसरे कप्तानों की तुलना में रोहित का जीत का प्रतिशत देखिए, करीब 74 प्रतिशत है जो अतीत के बाकी कप्तानों से बेहतर है। अगर वह खेलता रहा तो सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक होगा। वह संन्यास क्यों ले ? उसका बतौर कप्तान ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी शानदार रिकॉर्ड है। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उसने 76 रन बनाकर भारत को शानदार शुरुआत दी और जीत की नींव रखी। जब दबाव चरम पर था तब उसने मोर्चे से अगुवाई की। रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहीं है। उसे किसी आलोचना को सुनने की भी जरूरत नहीं है। उसका रिकॉर्ड ही उसके लिए बोलता है।'

**DISTRICT OFFICE: HAFED: FATEHABAD**

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotations are invited from the approved contractor/ Reputed firm for supply, Installation, testing and commissioning of 100 MT Electronic Weighbridge (pitless) for Hafed Complex, Bhuna. The quotation will be accepted upto 02:00 PM on dated 19.03.2025 and opened in same day in District Office, Hafed, Bhattu Road, Fatehabad. The interested firm are required to deposit the earnest money @ 2% i.e. Rs. 53000/- in the shape of Bank draft in favour of District Manager, Hafed, Fatehabad. The quotation without earnest money will not be entertained.

The quotation will be opened & finalized in the presence of committee. The specification drawing, design, DNIT of 100 MT Electronic Weighbridge (pitless), Terms & Conditions can be seen in the office of D.M., Hafed, Fatehabad. The work is to be completed within 30 days of the date of allotment of work and security will be deducted from the running bill as per PWD norms. The final security will be released after 1 year of completion of work. The committee reserves the right to accept or reject/negotiate & finalize the rates. All the required NOC is in the scope of work will be provided by the bidder from any concerned authority at his own cost.

-District Manager Hafed, Fatehabad




### भारत ने दो स्वर्ण सहित जीते 5 पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के दूसरे दिन दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या नौ हो गई है। भारती (डिविजन एफ25) ने नोविस स्लालोम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जबकि हर्षिता ठाकुर (एफ26) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय दल ने अल्पाइन स्कीइंग में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। निर्मला देवी (एफ06) ने इंटरमीडिएट जाइंट स्लालोम फाइनल में स्वर्ण और राधा देवी (एफ01) ने रजत पदक जीता। अभिषेक कुमार ने नोविस जाइंट स्लालोम फाइनल डिविजन एम02 में रजत पदक हासिल किया।

### रिंकू के नेतृत्व में भाला फेंक में भारत का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** रिंकू हुड्डा ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 के दूसरे दिन भाला फेंक के एफ 46 में 60.26 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीत



भारतीय खेमे को जश्न मनाने का मौका दिया। हाल ही में गोवा में 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत और चौथे एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल करने वाले रिंकू ने श्रीलंका के गामिनी केतवाला (56.88 मीटर) को बड़े अंतर से पछाड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक उज्बेकिस्तान के एल्योर्बेक एल्मातोव (43.01 मीटर) के नाम रहा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेल्वे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in**, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | नीलामी काटलोग स. | कार्य का विवरण | नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| | | **PARKING** | |
| 1 | UMB-Mix-06-2025 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का ठेका। कुल एरिया – 11 94.36 वर्ग मी। | 21.03.25, 12:00:00 |
| 2 | UMB-Parking0625 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का संयुक्त ठेका कुल एरिया – 3383.5 (1129.02+2254.48) वर्ग मी। | 22.03.25, 12:00:00 |
| 3 | UMB-Parking0625 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का संयुक्त ठेका कुल एरिया–1116.55 वर्ग मी। | 22.03.25, 12:00:00 |
| 4 | UMB-Parking0725 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन (मुख्य साइड) पर कुल 8652.70 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 25.03.25, 12:00:00 |
| 5 | UMB-Mix-08-2025 | बरनाला रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का संयुक्त ठेका कुल एरिया–1218 वर्ग मी (साईट प्लान के अनुसार)। | 27.03.25, 13:00:00 |
| | | **CATERING** | |
| 6 | UMB-Mix-08-2025 | Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान – जनरल माइनर यूनिट (GMU (जनरल के लिए स्टाल, प्लेटफार्म नं 2. पर मलोट रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'X6') | 27.03.2025 को 13:30 बजे |
| 7 | UMB-Mix-08-2025 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 ((खान पान – जनरल माइनर यूनिट (GMU) (जनरल महिला के लिए स्टाल नं. 2, प्लेटफार्म नं 2. जगधारी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर) | 27.03.2025 को 13:40 बजे |
| 8 | UMB-Mix-08-2025 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान – जनरल माइनर यूनिट (GMU (जनरल के लिए स्टाल संख्या नं.1, प्लेटफार्म नं. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 27.03.2025 को 13:50 बजे |
| 9 | UMB-Mix-08-2025 | Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान – जनरल माइनर यूनिट (GMU (जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं.2 पर गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'X6') | 27.03.2025 को 14:00 बजे |
| 10 | UMB-Mix-06-2025 | Catg-UMB-DUI-GMU-73-24-1 (खान पान – जनरल माइनर यूनिट (GMU) (सामान्य श्रेणी के लिए धूरी रेलवे स्टेशन पर 47.40 वर्गमीटर क्षेत्र का जलपान कक्ष) (Refreshment Room) | 21.03.2025 को 12:30 बजे |
| | | **NFR** | |
| 11 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–14541 / 14542 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 12 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–14503 / 14504 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 13 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–12411 / 12 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 14 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–14523 / 24 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 15 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–14525 / 14526 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 16 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–12449 / 50 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 17 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–20493 / 94 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 18 | UMBExtFFMA01-25 | ट्रेन नं.–14521 / 14522 के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 21.03.2025 को 14:00 बजे |
| 19 | UMB-Mix-07-2025 | सरहिन्द रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनेजमेंट का ठेका आवंटन हेतु। | 25.03.2025 को 15:00 बजे |
| 20 | UMB-Mix-07-2025 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनैजमेंट का ठेका आवंटन हेतु। | 25.03.2025 को 15:00 बजे |
| 21 | UMB-Mix-07-2025 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनैजमेंट का ठेका आवंटन हेतु। | 25.03.2025 को 15:00 बजे |
| 22 | UMB-Mix-07-2025 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग (दो पहिया एवं अन्य पार्सल) की सुविधा हेतु ठेका | 25.03.2025 को 15:00 बजे |
| 23 | UMB-Mix-08-2025 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 27.03.2025 को 13:00 बजे |

धरोहर राशी, बोली मूल्य में कम से कम बढ़ोतरी मूल्य, नीलामी आमंत्रण सुचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** को देखे। **814/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2023-24 में यार्ड विस्तार के साथ-साथ एक अदद अतिरिक्त 20/25 एमवीए 132/33 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर के प्रावधान द्वारा 132 केवी सब-स्टेशन एचवीपीएनएल हालुवास (भिवानी) का संवर्धन। | 07.03.2025 18.03.2025 | 15.27 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल नुहियांवाली में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/132 केवी ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान - टी/एफ और इसके सम्बद्ध उपकरण तथा डीहाईड्रेशन चार्जेज की स्थापना (सिरसा)। | 07.03.2025 25.03.2025 | 28.69 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी शाहपुर बेगु-रानियां एस/सी लाइन के एलआईएलओ को एकोमॉडेट करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन मेला ग्राउंड में सम्बद्ध उपकरणों सहित 1 अदद 132 केवी बे की रचना (हिसार)। | 10.03.2025 20.03.2025 | 7.99 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी सब स्टेशन मिठी सुरेरा में 33 केवी सब स्टेशन किशनपुरा की फीडिंग हेतु 33 केवी बे की रचना (हिसार) | 10.03.2025 20.03.2025 | 3.67 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 33 केवी मंगालिया की स्वतंत्र फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन ढुंढियांवाली में 33 केवी बे की रचना (हिसार)। | 10.03.2025 20.03.2025 | 6.47 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन जीन्द न्यू में 1 अदद 16/20 एमवीए 132/11 केवी हॉट पावर टी/एफ के प्रावधान द्वारा संवर्धन (हॉट टी/एफ की बजाए स्टैंडबाये के तौर पर टी/एफ बनाने के लिए 132 केवी उपकरण फाउंडेशन का निर्माण) (हिसार)। | 07.03.2025 20.03.2025 | 6.76 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/120/32802/1/88/6 दि. 13.03.25

**भारतीय सेना**

www.joinindianarmy.nic.in

**अग्निपथ योजना के तहत सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए जानकारी**

**(भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण 12 मार्च से प्रारम्भ 10 अप्रैल 2025 तक)**

**विशेषताएं**

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए और एक रेडी रेकनर है)

(--- www.joinindianarmy.nic.in--- पर प्रकाशित भर्ती अधिसूचना अग्निवीर भर्ती के लिए लागू योग्य एकमात्र अधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | 1. अग्निवीर जनरल ड्यूटी<br>2. अग्निवीर टेक्निकल<br>3. अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल<br>4. अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 10वीं उत्तीर्ण और 8वीं उत्तीर्ण)<br>5. कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस में अग्निवीर महिलाएं जनरल ड्यूटी<br>**टिप्पणी** :- अग्निवीर उम्मीदवार उनकी पात्रता पर आधारित किन्हीं दो श्रेणियों (ऊपर दिये अनुसार) के लिए आवेदन कर सकते हैं। | पैरा-1 और टिप्पणी (ए) |
| आयु | 17½-21 वर्ष (न्यूनतम और अधिकतम आयु की गणना 01 अक्तूबर 2025 के अनुसार की जाएगी).<br>**केवल महिलाओं के लिए** हार्नस में मारे गये सैन्य कार्मिकों की विधवाओं के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा आयु की 30 वर्ष तक (प्रशिक्षण ज्वाइन करने की तिथि के अनुसार) छूट योग्य होगी। | पैरा-1 |
| शैक्षणिक योग्यता | उम्मीदवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विद्यालय शिक्षा बोर्डों से अवश्य पास की होनी चाहिए और बोर्डों की एक सूची वेबसाइट पर भी प्रदान की गई है। | |
| शारीरिक माप मानक (ऊंचाई, वजन और छाती फुलाव) | क्षेत्र और छूटों के अनुरूप। | पैरा-3 |
| शारीरिक फिटनेस परीक्षण | शारीरिक फिटनेस परीक्षण (पीएफटी) में क्वालीफाइ करना चयन के लिए अनिवार्य है :-<br>**पुरूष हेतु** :- 1.6 कि.मी. दौड़, बीम (पुल अप्स) और 9 फीट खाई और जिगजैग बैलेंस में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>**महिला हेतु** :- 1.6 कि.मी. दौड़ और 10 फीट लम्बी कूद तथा 3 फीट ऊंची कूद में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>**टिप्पणी** :- अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सभी परीक्षणों में केवल क्वालीफाइ करना आवश्यक है। | पैरा-23 (ए) |
| वैवाहिक स्थिति | पुरूष - अविवाहित केवल।<br>महिलाएं - अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा अथवा कानूनी रूप से अलग हुई, जिनके कोई बच्चे नहीं है बशर्ते कि सभी अन्य पात्रता मानदंड पूरा करती हों। | पैरा-18<br>पैरा-18 और पैरा-1 (बी) |
| भर्ती प्रक्रिया | ऑनलाइन पंजीकरण > ऑनलाइन सीईई > भर्ती रैली (पीएफटी और पीएमटी) > चिकित्सा > दस्तावेजीकरण | पैरा-19 |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | अंतरिम रूप से जून 2025 में निर्धारित (अंतिम तिथियां अलग से सूचित की जाएंगी) | |
| कॉमन प्रवेश परीक्षा | कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) 13 भाषाओं (अर्थात अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलगू, पंजाबी, ओडिया, बंगाली, उर्दू, गुजराती, मराठी और असमी)। | पैरा-21 (एफ) |
| प्रशिक्षण अवधि | 31 सप्ताह | |
| अवकाश | प्रति वर्ष 30 दिन का अवकाश अग्निवीरों के लिए लागू होगा। इसके अतिरिक्त, बीमारी अवकाश, सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकित्सा सलाह पर आधारित देय होगा। | पैरा-11 |

वेतन, भत्ते और सम्बद्ध लाभ (पैरा-13 और 14)

| वर्ष | कस्टमाइज्ड पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीरों के कॉर्पस फंड को योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस फंड को योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े रु. में (मासिक योगदान) (लगभग) | | | | |
| प्रथम वर्ष | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| द्वितीय वर्ष | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तृतीय वर्ष | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चतुर्थ वर्ष | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| सेवा निधि | चार वर्ष के पश्चात अग्निवीरों के कॉर्पस फंड में कुल योगदान: रु. 5.02 लाख / रु. 5.02 लाख<br>4 वर्ष के पश्चात निकास: सेवानिधि पैकेज के तौर पर लगभग रु. 10.04 लाख (ब्याज को छोड़कर पूर्ण राशि) | पैरा-14 |
| जीवन बीमा कवर | अग्निवीर को उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान रु. 48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| मृत्यु मुआवजा | रु. 48 लाख के बीमा कवर के अतिरिक्त, सेवा के कारण मृत्यु के लिए रु. 44 लाख का एक बारगी अनुग्रह, निकटतम सम्बन्धी (एनओके) को प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| चिकित्सा और सीएसडी सुविधा | भारतीय सेना अग्निवीरों में उनकी नियुक्ति अवधि के समय के लिए सर्विस हॉस्पीटल्स में चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ सीएसडी प्रावधानों के लिए हकदार होंगे। | पैरा-12 |
| अग्निवीरों की नियुक्ति अवधि | 04 वर्ष। भारतीय सेना चार वर्षों की नियुक्ति अवधि के बाद अग्निवीरों को पुनः रखने के लिए बाध्य नहीं है। | पैरा-8 |
| सैनिक के तौर पर एनरोलमेंट (रेगुलर कैडर) | सेवा के चार वर्ष पूर्ण करने पर, संगठन की आवश्यकताओं और लागू की गई नीतियों पर आधारित, अग्निवीरों के प्रत्येक विशिष्ट बैच का 25% तक रेगुलर कैडर के तौर पर भारतीय सेना में एनरोल किए जाएंगे। | पैरा-8 |

**अस्वीकरण**

*विज्ञापन में दिये गये नियम एवं शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और भारत सरकार द्वारा जारी आदेश, समय-समय पर संशोधित अनुसार, चयनित उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे। भारतीय सेना बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर पूर्ण चयन प्रक्रिया अथवा प्रक्रिया के किसी भाग को निरस्त करने / संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। परीक्षण के दौरान किसी प्रकार के अनाचार / अनुचित साधनों में लिप्त पाये गये उम्मीदवारों को स्थायी रूप से वंचित कर दिया जाएगा। पंजीकरण के दौरान दर्ज किया गया डेटा अन्तिम होगा और बाद में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। गलत डेटा की एंट्री करने पर उम्मीदवारी अयोग्य कर दी जाएगी।*


सीबीसी-10601/11/0064/2425

## चिंतन

# हिन्दी का विरोध करते-करते हद से आगे बढ़ गए स्टालिन

किसी भी चीज का विरोध अगर विरोध की सीमा तक ही रहे तो बेहतर होता है। अगर वो ईर्ष्या के स्तर तक चला जाए तो उसे कतई सही नहीं ठहराया जा सकता। ऐसा ही हाल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन हिंदी विरोध का हो रहा है। वो हद से ज्यादा आगे बढ़ गए हैं। वे अब न केवल हिंदी के खिलाफ स्थानीय बोलियों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि भाषा को छोड़कर देश विरोध तक उतर आए हैं। नई शिक्षा नीति और ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध करते-करते स्टालिन 2025-26 के बजट में '₹' का सिंबल 'ரூ' सिंबल से रिप्लेस कर दिया। यह तमिल लिपि का अक्षर 'रु' है। कहने की जरूरत नहीं है कि स्टालिन का यह कदम भड़काने वाला है। पहले से ही वो हिन्दी को लेकर तरह-तरह की गलतबयानी करते रहे हैं। उनका यह कहना कि भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली समेत अनेक भाषाएं अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। प्राचीन मातृभाषाएं खत्म हो रही हैं, जबकि स्टालिन का यह आरोप निरर्थक है, क्योंकि हिंदी क्षेत्र की इन बोलियों-भाषाओं के सम्मिलित रूप को ही हिंदी कहा जाता है। इनसे प्राप्त जीवनशक्ति से हिंदी फलती-फूलती है। ठेठ हिंदी का ठाठ उसकी बोलियों के सौंदर्य से निर्मित होता है। हिंदी समाज एक साथ अपनी जनपदीय भाषा जैसे भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही भी बोलता है और हिंदी भी। लिखने-पढ़ने का अधिकांश कार्य वह हिंदी में जरूर करता है, इसीलिए राजभाषा अधिनियम के अनुसार उन्हें 'क' श्रेणी में रखा गया और दस राज्यों में बंटने के बावजूद उन्हें 'हिंदी भाषी' कहा गया। भोजपुरी, राजस्थानी, अवधी, ब्रज आदि हिंदी के अभिन्न अंग हैं। इन सबके बिना हिन्दी पूर्ण नहीं है और हिन्दी के सहयोग से ही स्थानीय भाषा फल-फूल रही हैं। जब देश में हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, तब स्टालिन जैसे नेता देश को ही बांटने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के तमाम देश भारत जैसे बड़े बाजार की हिंदी को अपने भविष्य का रास्ता मान रहे हैं। अनेक देश हैं जहां हिन्दी सीखने का चलन बढ़ा है। उन्हें लग रहा है कि हिन्दी को बेहतर तरह से जानकार ही भारत जैसे विशाल बाजार में कामयाबी हासिल की जा सकती है, लेकिन हमारे अपने ही हैं कि हिन्दी के नाम का विरोध करते-करते देश बांटने तक आ पहुंचे हैं। हिन्दी और गैरहिन्दी के बीच खाई खोदकर उसे और चौड़ा करने के प्रयासों में लगे हैं। इसके पहले उन्होंने संस्कृत का भी बेतुका विरोध किया था। अब नई शिक्षा नीति पर यह दुष्प्रचार भी कर रहे हैं कि त्रिभाषा फार्मूला दरअसल हिंदी थोपने की कोशिश है। क्या ऐसे बयान देकर स्टालिन भारतीय भाषाओं को आपस में लड़ाने और अंग्रेजी को आधिपत्य जमाए रखने का अवसर नहीं दे रहे हैं। अगर बात केवल हिन्दी तक ही होती तो चलो विरोध मान लेते, लेकिन अब तो उन्होंने भारतीय मुद्रा का सिंबल ही बदल दिया है। यह तो किसी राज्य, किसी भाषा नहीं बल्कि देश की धरोहर है। अगर स्टालिन के विरोध के स्वर को ध्यान से सुना जाए तो साफ हो जाता है कि वो केवल हिन्दी का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि अपने वोट बैंक के लिए राष्ट्रभाषा के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। स्टालिन को लगता है कि वो हिन्दी का विरोध करके ईवी रामास्वामी नायक यानी पेरियार, सीएन अन्नादुरई और करुणानिधि जैसा नाम बन जाएंगे, क्योंकि ये सभी हिन्दी के विरोध से ही पनपे थे, लेकिन स्टालिन भूल रहे हैं कि देश बहुत आगे बढ़ चुका है। महज भाषा का विरोध करके सत्ता नहीं चलाई जा सकती। जनता को विकास चाहिए और इसके लिए वो किसी का भी तख्ता पलट सकती है।

## सारा संसार



भारत के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक गणपतिपुले मंदिर महाराष्ट्र राज्य में रत्नागिरी की एक चोटी पर स्थित है। यहां गणेशजी की मूर्ति पूर्व की बजाय पश्चिम की ओर है जिस कारण फरवरी और नवंबर के महीनों में सूरज की रोशनी सीधे गणेश जी की मूर्ति पर पड़ती है। स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि भगवान गणेश की मूर्ति को किसी ने नहीं रखा है, बल्कि स्वयं प्रकट हुई थी।

## पर्व

सुरेश हिन्दुस्थानी



# होली के संदेश को समझें

भारत भूमि के संस्कार ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्योहार पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्योहारों को भूलते जा रहे हैं। त्योहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। त्योहार हम सभी को जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। होली के त्योहार को पूरा देश मनाता है। इसका सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। रंगों का पर्व होली सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। होली पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता दिखाई देता है। वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्योहार की मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्योहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाईचारे वाला स्वरूप कैसे दिखाई देगा। हम व्यक्ति केंद्रित होकर त्योहार मनाते हैं, जबकि भारतीय त्योहार का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित न होकर समाज केंद्रित है। होली के त्योहार को इसी रूप में मनाएंगे तब ही हमें वही होली दिखेगी, जो वास्तविक है। वर्तमान में होली पर कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से होली पर लड़ाई झगड़े होते दिखाई देते हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्योहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकार को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरणयकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई विकार समाहित हो गए थे। भक्त प्रहलाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहं को समाप्त नहीं किया। विकार को समाप्त करने का पर्व होली है। अगर होली पर हमने अपने अहं को नहीं छोड़ा तो फिर होली के मायने ही क्या है?

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संभल में होली व जुम्मा विवाद क्यों?



## विश्लेषण

अवधेश कुमार

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। संभल के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए।

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। हालांकि संभल के सीईओ अनुज चौधरी के वक्तव्य को आधार बनाकर कई पार्टियां, नेता और मीडिया का एक वर्ग आलोचना कर रहा है। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने तो यहां तक कह दिया कि ऐसे लोग जब सरकार बदलेगी तो जेल में होंगे। मुस्लिम संगठनों सहित अनेक मुस्लिम नेताओं ने तो उनके खिलाफ ऐसा अभियान चला दिया है मानो वे संभल में शांति नहीं बल्कि अशांति का कारण बन चुके हों। क्या वाकई अनुज चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जिससे उनके विरुद्ध इस तरह का माहौल होना चाहिए? सामान्य तौर पर देखें तो होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन हो रही है तो निश्चित रूप से प्रशासन का दायित्व दोनों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की है। कोई एकपक्षीय बयान देकर किसी समुदाय को नाराज करे तो उसके विरुद्ध आवाज उठनी चाहिए, किंतु क्या वाकई संभल का मामला ऐसा ही है? इससे जुड़े दोनों पक्षों को समझे बगैर हम कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दे सकते।

निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। दोनों की अपनी संस्कृतियां हैं तथा अलग-अलग उत्सव हैं। यह दोनों समुदायों की जिम्मेदारी है कि वे एक दूसरे की भावनाओं, संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए तथा अपने उत्सवों के महत्व के अनुसार ऐसा आचरण करें। इसी तरह पुलिस प्रशासन का दायित्व हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के पूर्वोपाय करना है। अगर कहीं समस्या पैदा हुई तो पुलिस प्रशासन के लिए उत्तर देना कठिन होता है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। यह वर्ग प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए झूठ का नैरेटिव चला रहा है। अनुज चौधरी के बयान को देखें तो उसमें यह पंक्ति है कि जुम्मे की नमाज वर्ष में 52 बार आती है, जबकि होली एक बार। इसी में वे यह भी कह रहे हैं कि जिन्हें होली से समस्या हो वे उस दिन बाहर न निकलें। अपने पूरे वक्तव्य में वे कह रहे हैं कि हिंदू समाज मुसलमानों की भावनाओं का ध्यान रखें और मुस्लिम समाज हिंदुओं की भावनाओं का। इसमें गड़बड़ी करने वालों को चेतावनी भी दे रहे हैं। वह कह रहे हैं कि जिस तरह ईद के दिन लोग सेवैयां खाते हैं, एक दूसरे से गले मिलते हैं ठीक उसी तरह होली का त्योहार भी है और इसको मुस्लिम भी उसी रूप में लें, थोड़ा बड़ा हृदय दिखाएं। उसी में वे कहते हैं कि जिन्हें बिल्कुल इससे समस्या हो वह बाहर न निकलें। इसमें ऐसी कोई बात नहीं है, जिसके आधार पर उनको जेल में डालने से लेकर और न जाने क्या-क्या कहा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीवी कार्यक्रम में यह कहते हुए उनका समर्थन किया है कि वह पहलवान है और पहलवान की तरह स्पष्ट बोलता है। उन्होंने भी लगभग



वही बातें बोलीं जो अनुज चौधरी ने कहा। इस तरह अनुज चौधरी का वक्तव्य योगी सरकार के विचारों की ही अभिव्यक्ति है। यह सच है कि इसके पहले भी होली और जुम्मे का नमाज एक दिन हुआ है, किंतु यह कहने वाले भूल रहे हैं कि जिन शहरों या क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी है वहां कई बार यह शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तो कई बार अशांति पैदा हुई, हिंसा हुई, दंगे भी हुए। आप दंगों के इतिहास का अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि इनमें से बड़ी संख्या में हिंदू उत्सवों या महत्वपूर्ण दिवसों के दिन या उनसे जुड़े हुए रहे। क्या हम पिछले वर्ष 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा भूल गए? आखिर न्यायालय के आदेश से सर्वेक्षण टीम वहां आई थी, कहीं हिंदुओं की भीड़ नहीं थी, कोई नारा नहीं था, अचानक हजारों लोग ईंट पत्थर लेकर कहां से निकल पड़े? जितनी भयानक पत्थरबाजी हुई, आगजनी गई और गोली तक चली उसका कोई एक कारण था तो यही कि संभल कट्टर मजहबी सांप्रदायिक उपद्रवी तत्वों का केंद्र बन चुका है। सीधे पुलिस से हिंसक मोर्चाबंदी लेने का दुस्साहस सामान्य लोग नहीं कर सकते। लोगों के मस्तिष्क को उस सीमा तक असामान्य बनाया जा चुका है या बन चुका है तो फिर उस स्थान के लिए पुलिस प्रशासन को भी सामान्य से अलग व्यवहार करना पड़ेगा। संभल में दंगों का भयानक इतिहास है। 1978 के दंगों के बाद बड़ी संख्या में हिंदुओं के पलायन हुए और यह 1995 तक जारी रहा। क्यों? करोड़ों की संपत्ति रखने वालों को भी वहां से भागने को भी विवश होना पड़ा। वहां से निकले परिवार जिन शहरों में हैं उनकी कथा सुनकर किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाता है। 24 नवंबर, 2024 को हिंसा के बाद धीरे-धीरे पूरे संभल शहर में कब्जाए, जमीन में दबाई या विरक्त महत्वपूर्ण पूजास्थल, कूप, बावड़ी निकल रहे हैं। संभल धार्मिक पुस्तकों में एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात रहा है तथा कलयुग में भगवान कल्कि अवतार की भी भविष्यवाणी वहीं है। पिछले मोटा-मोटी 800 वर्षों से वह क्षेत्र इसी कारण इस्लामी हमले का शिकार रहा है। जामा मस्जिद विष्णु पुराण, भविष्य पुराण से लेकर अकबरनामा, बाबरनामा एवं अंग्रेजों के काल में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार हरि मंदिर को ध्वस्त कर बनाया गया है। कल्पना कीजिए, उत्तर प्रदेश का एक छोटा शहर अगर हिंदू धर्म स्थलों को निगल जानेकी भूमिका निभा रहा हो तो वहां की सांप्रदायिक स्थिति क्या रही होगी?

भारत का दुर्भाग्य है कि यहां सेकुलरिज्म की गलत व्याख्या सोच और वोट बैंक की मानसिकता में इन्हें दुरुस्त करने के लिए खड़े होने वाले को खलनायक बनाया जा रहा है। जामा मस्जिद के पास एवं अन्य जगह पुलिस थाने या पोस्ट बनाने तक का विरोध करने वाले कौन लोग थे? कल्पना कीजिए, अगर प्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकार नहीं होती तो जितनी बड़ी संख्या में कब्जे किए गए या विरक्त मंदिर, मिट्टी में दबाए गए कूप और बावरी मिले हैं वह संभव होता? आश्चर्य इस पर होना चाहिए कि कब्जा किए गए, कराए गए उन पवित्र स्थलों या निर्माण को न्याय पूर्ण तरीके से खाली करने की कार्रवाई देश में नेताओं, बुद्धिजीवियों व मीडिया के एक बड़े वर्ग की आलोचना का शिकार हो रहा है। यह इकोसिस्टम इतना बड़ा है कि इसका सामना करना कठिन होता है तथा यही वर्ग देश में नैरेटिव भी बनाता है। ऐसा नहीं होता तो अनुज चौधरी के वक्तव्य की सभी पक्षों द्वारा प्रशंसा होती तथा उसके अनुरूप व्यवहार की अपील की जाती। वहां के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए या नहीं? संभल पुलिस प्रशासन न्याय और कानून की दृष्टि से अपनी शक्तियों का सदुपयोग कर रहा है। यही कारण है कि बाहर दुष्प्रचार व विरोध करते हुए भी इनमें से कोई न्यायालय तक जाने का साहस नहीं करता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना




संकलित

## दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

## प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं।

*- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### यूएन को अपडेट कर रहे



अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही हमने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली की मजबूती के लिए महत्वाकांक्षी सुधार एजेंडा शुरू किया। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए। हम 21वीं सदी के लिए संयुक्त राष्ट्र को अपडेट कर रहे हैं।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### बच्चों का भविष्य ख़तरे में



85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में-पेपर लीक युवाओं के लिए 'पद्मव्यूह' बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों से उनके परिश्रम का फल छीन लेता है। यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो अस्वीकार्य है।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### सरकार पटरी से उतर चुकी



आम इंसान की ज़िंदगी में मरना ही लिखा है। कभी ट्रेन के डिब्बे में, कभी ट्रेन की पटरी पर, कभी प्लेटफार्म के भगदड़ में तो कभी कुंभ के भगदड़ में, ट्रेन भी पटरी से उतर चुकी है और मोदी की सरकार भी।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### सीखने के लिए काम करें




अमीर बनने के लिए सरल सुझाव- ऐसी संपत्ति अर्जित करें जो आय उत्पन्न करें। अपनी आय से कम खर्च करें। केवल आय पर नहीं, धन निर्माण पर ध्यान दें। वित्तीय बुद्धि बढ़ाएं। केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि सीखने के लिए काम करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# नासा की अध्ययन के लिए नई अंतरिक्ष दूरबीन प्रक्षेपित

नासा की नवीनतम अंतरिक्ष दूरबीन को प्रक्षेपित किया गया जो पूरे आकाश का अध्ययन करेगी। यह शुरुआत से लेकर अब तक करोड़ों आकाशगंगाओं और उनकी साझा ब्रह्मांडीय चमक (कॉस्मिक ग्लो) का व्यापक अध्ययन करेगी। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फीरेक्स वेधशाला को प्रक्षेपित किया। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के चार उपग्रह भी साथ में भेजे गए। कुल 48.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्फीरेक्स मिशन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि अरबों वर्षों में आकाशगंगाएं कैसे बनीं और विकसित हुईं तथा कैसे ब्रह्मांड का इतनी तेजी से विस्तार हुआ। स्फीरेक्स उन तारों के बीच बर्फीले बादलों में पानी और जीवन के अन्य तत्वों की खोज करेगा जहां नए सौर मंडल उभर रहे हैं।



'कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के मिशन के मुख्य वैज्ञानिक जेमी बॉक ने कहा कि ब्रह्मांडीय चमक ब्रह्मांड के इतिहास में अब तक जितना भी प्रकाश उत्सर्जित हुआ है, उसे अपने अंदर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड को देखने का एक बहुत ही अलग तरीका है, जिससे वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि अतीत में प्रकाश के कौन से स्रोत छूट गए थे।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ'' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे।



'आइस बाथ'' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सहरसा में दिखा वृंदावन जैसा नजारा घूमर होली की मस्ती में दिखे हुरियारे

एजेंसी ▶▶ सहरसा/ नई दिल्ली

पूरे देश से अलग-अलग शहरों से होली के रंग में नहाए लोगों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए बहैं,जिससे पूरा देश होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। बरसाने कि लट्ठमार होली कि तरह प्रसिद्ध है सहरसा के बनगांव की घूमर होली। हजारों लोग गांव के भगवती स्थान मे जमा होते हैं और नंग-धड़ंग हो घूम -घूमकर होली खेल रहे है। बताया जाता है कि द्वापर काल से इस गांव में खेली जा रही रूप को लोकदेवता संत लक्ष्मीनाथ ने विशिष्ट रूप दिया था। यह परंपरा अभी भी कायम है। वृंदावन की लट्ठमार होली काफी मशहूर है। होली से एक दिन पहले ही यहां हुरियारे रंगों में डूबे हैं।



### जवानों ने खेली होली

जैसलमेर के सेना के जवानों ने भी होली खेली। इस दौरान सभी आपस में बड़ी खुशी से नाचते-गाते नजर आए। बीकानेर के करणी माता मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। यह मंदिर चूहों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है।



### हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे: तिवारी

दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाई है। हम दिल्ली के लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे।

# 23 जगह पर यमुना का पानी क्वालिटी टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमुना नदी के 33 में से 23 साइट्स वाटर क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं। यहां पानी में ऑक्सीजन की मात्रा लगभग जीरो पाई गई है। वाटर रिसोर्स पर बनाई गई पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ने यह जानकारी दी है। स्टैंडिंग कमेटी ने यह रिपोर्ट संसद में पेश की है। 33 साइट्स की मॉनिटरिंग के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें दिल्ली के भी 6 साइट्स शामिल हैं। पैनल के मुताबिक 23 साइट्स की रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई है। इन जगहों पर पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर जीरो पाया गया है। घुलित ऑक्सीजन नदी के जीवन को बनाए रखने की क्षमता को दर्शाता है। दिल्ली में ऊपरी यमुना नदी सफाई परियोजना और नदी तल प्रबंधन पर अपनी रिपोर्ट में पैनल ने चेतावनी दी कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के निर्माण और अपग्रेडेशन के बावजूद प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से ऊंचा बना हुआ है।

### जनवरी 2021 से मई 2023 के बीच हुई जांच

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ जनवरी 2021 से मई 2023 के बीच 33 स्थानों पर पानी की गुणवत्ता का आकलन किया। इसे घुलित ऑक्सीजन (डीओ), पीएच, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) और फेकल कोलीफॉर्म (एफसी) के चार प्रमुख पैरामीटर पर जांचा गया।

#### उत्तराखंड-हिमाचल में स्थिति बेहतर

रिपोर्ट के मुताबिक 33 मॉनिटरिंग साइट्स में से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के 4 - 4 साइट्स जल गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करते हैं। हरियाणा में सभी छह साइटें विफल रहीं। दिल्ली में 7 साइटों में से कोई भी 2021 में मानकों का अनुपालन नहीं करती है, हालांकि पल्ला साइट में 2022 और 2023 में सुधार दिखा था।

#### यमुना के तल में जमा मलबा बड़ी चिंता

यमुना नदी के तल में जमा हुआ मलबा एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा सीएसआईआर-नीरी के सहयोग से एक स्टडी की गई। इसमें मानसून-पूर्व अवधि के दौरान पुराने लोहे के पुल, गीता कॉलोनी और डीएनडी पुल के ऊपर की ओर जैसे प्रमुख स्थलों से कीचड़ के सैंपल कलेक्ट किए गए। नमूनों में क्रोमियम, तांबा, सीसा, निकल और जस्ता जैसी भारी धातुओं के उच्च स्तर पाए गए। पैनल ने इस जहरीले कीचड़ को हटाने के लिए नियंत्रित ड्रेजिंग की सिफारिश की।

## खबर संक्षेप

### कार-ट्रक की भिड़ंत में परिवार के 6 की मौत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 6लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग में पदस्थ आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:48 बजे ओंकारबंद के पास हुआ। हकार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ी।



### कोई दुर्भावनापूर्ण नहीं था खेर पर केस खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट से सिंगर कैलाश खेर को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ उनके गीत 'बाबम बाम' के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस खारिज कर दिया है। जस्टिस भारती डांगरे और श्याम सी चांडक की पीठ ने लोकतांत्रिक समाज में सहिष्णुता के महत्व को रेखांकित कर असहिष्णुता को अभिशाप बताया।

### कनॉट प्लेस में रेस्टोरेंट में आग, 6 कर्मी झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब यहां एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट की रसोई में आग लगी। दमकल विभाग सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाना शुरू किया। आग लगने से छह कर्मचारी झुल गए हैं।

### मंगोलपुरी में युवक की हत्या

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मंगलोपुरी इलाके में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई। तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।

### शाह ने किया 146 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

गांधीनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गुजरात के गांधीनगर में 146 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेलवे, सड़क मार्ग और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित हैं।

## केंद्र सरकार और तमिलनाडु में भाषा विवाद और गहराया

# सीएम स्टालिन ने राज्य बजट से रुपये का प्रतीक चिन्ह ही हटा दिया, 'रु' तमिल से ही निकला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए() का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है। लोगो में सबके लिए सब कुछ भी लिखा है।

तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु शुक्रवार को 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगे। केंद्र और डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में प्रस्तावित त्रिभाषा फॉर्मूला राजनीतिक विवाद का केंद्र बना हुआ है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी व त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करने से मना कर दिया है। अब केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली 573 करोड़ की केंद्रीय सहायता रोक दी है। एसएसए फंडिंग पाने के लिए राज्यों को एनईपी के दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है। फंड रोकने से स्टालिन बिफरे हुए हैं। उन्होंने दक्षिणी राज्यों में हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। केंद्र के अनुसार शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी है।

> तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए() का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है।

## भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह 'विवादित' कदम उठाया

**तमिल शब्द 'रुबाई' से लिया गया**

*केंद्र ने रोक दी राज्य को मिलने वाली सहायता*



स्टालिन ने सियासी गलती की

### तमिलनाडु के ही व्यक्ति ने दिया है रुपए सिंबल

अब बड़ा सवाल उठा रहा है आखिर में स्टालिन सरकार ने जो नया सिंबल जारी किया, वह कहां से आया। बता दें कि रुपए चिन्ह को बदलने के स्थान पर तमिल अक्षर लगाया गया है। '' को तमिलनाडु के ही शख्स ने तैयार किया था। वहीं '' सिंबल को डिजाइन करने वाले व्यक्ति के पिता भी डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। रुपए का सिंबल आईआईटी मुंबई के छात्र रहे उदय कुमार ने बनाया था और उनका जन्म तिरुवन्नामलई के पास हुआ था। उदय कुमार के पिता धर्मलिंगम डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। अब इसको लेकर भाजपा ने स्टालिन सरकार पर तंज कसा है।

**उदयनिधि ने भी केंद्र पर बोला हमला**

उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि केंद्र तमिलनाडु और पेरियार का अपमान करती है। क्या हम असभ्य हैं? जो लोग हमें असभ्य कहते हैं, वास्तव में वे असभ्य तरीके से व्यवहार कर रहे हैं और हमारे खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। तमिल लोग बहुत जल्द इसका करारा जवाब देंगे।

**भाजपा ने जताया फैसले पर विरोध**

### तमिलों का ही अपमान कर रहे स्टालिन, तमिल ने ही दिया लोगो



भाजपा आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने इसे तमिलनाडु का अपमान बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उदय कुमार धर्मलिंगम एक भारतीय शिक्षाविद और डिजाइनर हैं, जो डीएमके के एक पूर्व विधायक के बेटे हैं। उन्होंने भारतीय रुपए () का चिह्न डिजाइन किया था, जिसे भारत ने स्वीकार किया था। यह पूरी तरह से गलत है।

### स्टालिन पहले बदल लें अपना नामः सुंदरराजन

भाजपा ने तमिलिसाई सुंदरराजन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को अपना नाम बदलकर तमिल नाम रखना चाहिए। अपनी सरकार की सभी विफलताओं को छिपाने के लिए यह नाटक जारी है।



**अन्नामलाई ने साधा निशाना**

### कितने मूर्ख हो सकते हैं स्टालिन

इसे लेकर अब भाजपा ने तमिलनाडु सरकार पर निशाना साधा। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने बजट में रुपया का चिह्न हटाने को लेकर डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की और इस कदम को मूर्खतापूर्ण बताया। एक तमिल व्यक्ति ने डिजाइन किया था। आप कितने मूर्ख हो सकते हैं एमके स्टालिन।



## पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में औषधीय पौधों की खेती में कृषि-उद्यमिता विकास हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण



**हरिद्वार।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) योजना द्वारा प्रायोजित विषय 'औषधीय पौधों की खेती में कृषि उद्यमिता के विकास के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण' का दो दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन और पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोग से पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में औषधीय पादपों का संरक्षण, उनकी प्राकृतिक प्रजातियों का वृक्षारोपण और संरक्षण पर जोर दिया गया, साथ ही हर्बल उद्यानों के विकास के माध्यम से संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वामी रामदेव जी एवं पूज्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर किया। चार सत्रों में विभाजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के किसानों तथा कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिन्होंने उत्तराखण्ड की प्राचीन संजीवनी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में डॉ. कुणाल भट्टाचार्य, डॉ. अरुण चंदन, श्रीमती मीनाक्षी, श्वेता, डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोला, प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार, पवन कुमार, कवीन्द्र सिंह, श्री ज्ञान प्रकाश, अमित काले, भानुप्रताप सिंह और प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने सहभागिता की।

**जादवपुर विश्वविद्यालय में हंगामा**

## तोड़फोड़ मामले में डीएसएफ से जुड़ा छात्र सौम्यदीप अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में 1 मार्च को हुई अशांति और तोड़फोड़ के सिलसिले में एक छात्र को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 2हो गई है। जेयू एसएफआई इकाई के एक नेता ने बताया कि दर्शनशास्त्र के छात्र सौम्यदीप महाता को टीएमसी के पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ की एजीएम के दौरान हुई हिंसा के संबंध में अपना बयान दर्ज करने के लिए जादवपुर पुलिस थाने बुलाया गया था, जहां बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु भी मौजूद थे। छात्रों के एक समूह ने बसु की कार के चारों ओर मानव श्रृंखला बना ली और उन्हें जाने से रोकने की कोशिश की थी।



# होली से पहले इसरो का देश को तोहफा


# स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया, इससे चंद्रयान-4 और अंतरिक्ष स्टेशन के मिशन का खुला रास्ता

- भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था
- यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत ईंधन भरने के लिए आधार बनेगा

"भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'अनडॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए रास्ता साफ हो गया है।



### मिशन के फायदे

*भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा। यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।*

### 16 जनवरी 2025 को की थी डॉकिंग

*इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था कि भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।*

### केंद्रीय मंत्री सिंह ने दी बधाई



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरो को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। पीएम नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।

### 30 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था

स्पेडेक्स मिशन पिछले साल 30 दिसंबर को शुरू किया गया था, जब इसरो ने अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों - एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। 'स्पेस डॉकिंग' अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। कई प्रयासों के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों को सफलतापूर्वक 'डॉक' किया था।

## खबर संक्षेप

### चीनियों की चहेती बनीं ट्रंप की सेक्रेटरी लेविट



**बीजिंग।** व्यापारिक तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट चीन में ऑनलाइन स्टार बन गई हैं। उनके वाइट हाउस में पत्रकारों से बहस के वायरल वीडियो चीन में धूम मचा रहे हैं। अमेरिकी पत्रकारों को बेबाकी से जवाब देते कैरोलीन के वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लेविट की खूबसूरती, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर मजबूती से अपनी बात रखने का तरीका उन्हें प्रेरित कर रहा है।

### फट सकता है सबसे खतरनाक ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** अलास्का के पास स्थित माउंट स्पर ज्वालामुखी में आने वाले हफ्तों या महीनों में विस्फोट होने की संभावना बढ़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दिनों में इस ज्वालामुखी में असामान्य गतिविधियां देखी गई हैं। माउंट स्पर में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हुए ज्वालामुखीय गैस उत्सर्जन का पता चला है। इसके अलावा क्रेटर में भी सक्रियता देखी गई है। उपग्रह के आंकड़ों से जमीन की स्थिति देखने के बाद 'माउंट स्पर' के लिए अलर्ट की श्रेणी को 'येलो' तक बढ़ा दिया।

## यूएन में सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र पर आयोजित कार्यक्रम में बोलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

# महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण, अनुभव को साझा करने को तैयार भारत

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के महिला सशक्तिकरण के साथ ही डिजिटलीकरण की सराहना हुई है। भारत ने एक बार फिर महिलाओं के नेतृत्व में देश के विकास के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के 69वें सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और यूएन वूमन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल और वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तपोषण - मुख्य संसाधनों की महत्वपूर्णता' पर आयोजित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ और 21 मार्च तक चलेगा।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है

1. भारत में महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रहीं
2. 8.73 करोड़ यूपीआई लेन-देन, पिछले साल से 147%




### यूपीआई ने लेन-देन प्रणाली को बदला

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने नियमित लेन-देन की प्रणाली को बदल दिया है। पूर्ण डाटा सुरक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया है, जिसमें 8.735 करोड़ लेन-देन हुए हैं। यह 147% बढ़ गए हैं। इसमें लिंग, शहरी, ग्रामीण, अमीर और गरीब की बाधाओं को पार कर लिया गया है और महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रही हैं।

### यूपीआई विकास में भारत का नेतृत्व सराहनीय




*यूएन वूमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने इंडिया स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें उन बाधाओं को दूर करना होगा जो महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय प्रणालियों से दूर रखती हैं। सरकारों को सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए जो महिलाओं को प्राथमिकता देता है। भारत स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत का नेतृत्व यह साबित करता है कि जब समावेशन नवाचार के मूल में होता है तो क्या संभव है। उन्होंने कहा कि भारत में हमने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से डिजिटल वित्तीय समावेशन की शक्ति देखी है। डिजिटल भुगतान ने महिलाओं के रोजगार और स्वायत्तता को बढ़ाया है। यह एक वैकल्पिक एजेंडा नहीं है। यह एक बेहतर दुनिया का खाका है। आइए हम साहसी बनें।*

### सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रों को सचेत रहना होगा कि महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन डाटा और गोपनीयता की रक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज की तकनीकी दुनिया में प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए विनियमन को संतुलित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार जानती है कि महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक है।

## 8 दिन का मिशन 9 माह में बदला

# सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी एक बार फिर टली



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी एक बार फिर टल गई है। हालांकि, इस बार वजह अंतरिक्ष यान में आई कोई खराबी नहीं है, बल्कि लॉन्च व्हीकल में आए तकनीकी समस्या बना है। इसके चलते आईएसएस पर भेजा जाने वाला स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्चिंग से सिर्फ एक घंटे पहले टाल दिया गया। अब इस मिशन को 14 मार्च को एक बार फिर लॉन्च करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में रहने वाला जो मिशन महज 8 दिन में खत्म हो जाना था, उसे अब नौ महीने से ज्यादा हो चुके हैं।

### 5 जून 2024 को गईं थीं

*5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था।*

### थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन से टली वापसी

हालांकि, अंतरिक्ष स्टेशन के लिए स्टारलाइनर की उड़ान के दौरान, अंतरिक्ष यान के कुछ थ्रस्टर्स ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। थ्रस्टर्स' आमतौर पर कम फोर्स वाले रॉकेट मोटर्स को कहा जाता है। थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन के अलावा स्टारलाइनर के हीलियम सिस्टम में कई लीक भी देखे गए। इसके बाद नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान के बारे में व्यापक डेटा विश्लेषण के जरिए जानकारी जुटाई।

## बंगाल की खाड़ी में भारत-बांग्लादेश की नौसेना का बोंगोसागर युद्धाभ्यास संपन्न

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पिछले साल ढाका में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा माहौल और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच भारत-बांग्लादेश की नौसेनाओं ने 'बोंगोसागर-2025' नामक युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का आईएनएस रणवीर जंगी युद्धपोत शामिल हुआ। जबकि बीएनएस अबू उबैदाह ने बांग्लादेश की नौसेना का नेतृत्व किया। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस सप्ताह संपन्न हुए युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त की मदद से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्र में आपसी अंतर-संचालन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के लिए एकजुटता से प्रतिक्रिया करना संभव हो सकेगा।

### इन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया

नौसेना ने कहा कि बोंगोसागर युद्धाभ्यास के दौरान कई प्रकार के जटिल समुद्री अभियानों का अभ्यास किया गया। इसमें सतही फायरिंग, टेक्टिकल मैनुवर्स, युद्धाभ्यास के दौरान युद्धपोत की जरूरतें पूरा करने समेत एक-दूसरे के युद्धपोत का दौरा, संचार ड्रिल्स और व्यवसायिक विषयों पर कनिष्क अधिकारियों के लिए क्विज का आयोजन मुख्य रूप से शामिल हैं।

## नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज के निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज का निर्माण कार्य कट्टुपल्ली स्थित लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के शिपयार्ड में शुरू हो गया है। जहाज की कुल विस्थापन क्षमता 40 हजार टन से अधिक है। यह अपने साथ ईंधन, पानी, गोलाबारूद और भंडार लेकर जाएंगे। जिससे समुद्र में लंबे समय से बल का संचालन संभव हो सकेगा और बल की युद्धक क्षमता भी बढ़ेगी। नौसेना ने गुरुवार को बताया वर्ष 2023 में उसने कुल 5 सहायक जहाजों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके तहत जहाजों की डिलीवरी 2027 से शुरू की जानी है। यहां बता दें कि एचएसएल ने देश की जहाज निर्माण क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और तय समयसीमा तक जहाजों की नौसेना को डिलीवरी करने के लिए मेसर्स एलएंडटी शिपयार्ड के साथ दो जहाजों के निर्माण का अनुबंध किया। इसके बाद ही एलएंडटी में उक्त जहाज के निर्माण कार्य का आगाज हुआ है।

■ कुल पांच जहाजों का होगा निर्माण, 2027 से की जाएगी नौसेना के जंगी बेड़े में तैनाती ■

## दिल्ली के होटल में ब्रिटिश महिला से छेड़छाड़ व रेप

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में महिपालपुर के एक होटल में ब्रिटिश महिला से छेड़छाड़ और रेप का मामला सामने आया है। इस मामले में वसंत कुंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ब्रिटिश उच्चायोग को घटना की जानकारी दे दी गई है। पीड़ित इंग्लैंड की रहने वाली है। वह कुछ दिन पहले महाराष्ट्र और गोवा घूमने आई थी। पीड़ित की आरोपी युवक कैलाश से दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। दोनों सोशल मीडिया पर करीब डेढ़ महीने से एक दूसरे के संपर्क में थे। महिला गोवा से दिल्ली युवक से मिलने आई थी। दोनों एक होटल में रुके, जहां युवक ने महिला के साथ रेप किया। महिला जैसे-तैसे होटल के रिसेप्शन पर पहुंची, लेकिन जब वह जाने की कोशिश कर रही थी, तब एक अन्य व्यक्ति ने मदद के बहाने लिफ्ट में उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस के मुताबिक कैलाश ईस्ट दिल्ली का रहने वाला है। उसे अंग्रेजी बोलने में दिक्कत होती थी। वह महिला से बात करने के लिए किसी ट्रांसलेशन ऐप का इस्तेमाल करता था।

■ सोशल मीडिया पर हुई थी युवक से दोस्ती, महिपालपुर स्थित होटल में की गई दरिंदगी ■

## प्रभु गोविंद के साथ पुष्प होली



**जयपुर।** होली के पावन पर्व पर जयपुर के प्रसिद्ध गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालुगणों ने प्रभु के दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य पुजारी ने पुष्पों की बरसात कर होली खेली।

## क्यूएस रैंकिंग 2025 में पिछले साल की तुलना में 79 भारतीय संस्थान शामिल

# आईआईटी, आईआईएम समेत कुल 9 भारतीय संस्थान टॉप 50 में शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नौ ऐसे भारतीय शैक्षणिक संस्थानों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग 2025 में टॉप 50 में रखा गया है। क्यूएस सब्जेक्ट-वाइज रैंकिंग के 15वें एडिशन में नौ भारतीय विश्वविद्यालय और संस्थान दुनिया के टॉप 50 में शामिल हुए।

भारत ने 55 सब्जेक्ट रैंकिंग में 50 में से टॉप 12 स्थान प्राप्त किए, जिसमें आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, लाइफ साइंस और मेडिसिन, नेचुरल साइंस और सोशल साइंस और मैनेजमेंट जैसे सब्जेक्ट शामिल थे। पिछले साल 69 से बढ़कर लगभग 79 भारतीय संस्थानों को दुनिया के टॉप 550 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया। चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और कोरिया के बाद देश में नई एंट्री की संख्या भी पांचवें स्थान पर है।

■ भारत ने 55 सब्जेक्ट रैंकिंग में 50 में से टॉप 12 स्थान प्राप्त किए

### टॉप 550 विश्वविद्यालयों में भारत के 79 संस्थान को मिली उपलब्धि

#### आईएसएम, धनबाद ने माइनिंग में वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया

*इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईएसएम), धनबाद ने इंजीनियरिंग-मिनरल और माइनिंग के लिए वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया, जिससे यह देश का सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाला सब्जेक्ट एरिया बन गया। पिछले साल, आईएसएम 41वें स्थान पर था। आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने एक बयान में कहा कि पिछले साल की तुलना में यह प्रभावशाली सुधार अकादमिक कठोरता और रिसर्च एक्सीलेंस के प्रति हमारे कमिटमेंट को दर्शाता है।*

#### आईआईटी दिल्ली और बॉम्बे ने अपनी स्थिति सुधारी

इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के लिए 45वीं रैंक साझा करने वाले आईआईटी दिल्ली और बॉम्बे ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए क्रमशः 26वां और 28वां स्थान प्राप्त किया है। दोनों संस्थानों ने इंजीनियरिंग-इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक के लिए टॉप 50 की सूची में एंट्री की है। आईआईएम अहमदाबाद और बैंगलोर बिजनेस फॉर मैनेजमेंट स्टडीज के लिए दुनिया के टॉप 50 में बने रहे।

#### पिछले वर्ष से 25.7% वृद्धि

क्यूएस ने एक बयान में कहा कि इस साल की रैंकिंग में कुल 79 भारतीय विश्वविद्यालय, पिछले साल की तुलना में 10 ज्यादा, 533 बार शामिल हुए हैं, जो पिछले एडिशन की तुलना में 25.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें इंडिविजुअल सब्जेक्ट में 454 एंट्री और पांच ब्रॉड फैकल्टी एरिया में 79 एंट्री शामिल हैं।

## युद्ध विराम से पहले रूस का बड़ा दांव

# राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिका के सामने रखीं कई शर्तें

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन और अमेरिका से युद्ध विराम पर बातचीत करने को लेकर रूस ने बड़ा दांव चला है। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर बातचीत के दौरान अमेरिका के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सूची में यूक्रेन को नाटो की सदस्यता न देने, यूक्रेन में विदेशी सैनिकों को तैनात न करने का समझौता और इस दावे को अंतरराष्ट्रीय मान्यता देने की मांग की है कि क्रीमिया और उसके चार प्रांत रूस के हैं। इन शर्तों को रूस पहले भी यूक्रेन, अमेरिका और नाटो के सामने भी रख चुका है।

### यूक्रेन जता चुका है सहमति

दरअसल, सऊदी अरब के जेद्दा में अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुई बैठक में कीव ने अमेरिका के तत्काल अंतरिम युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जता दी थी। यह युद्धविराम शुरुआत में 30 दिनों के लिए होगा। अब इस मुद्दे पर रूस की सहमति का इंतजार है। युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारी रूस जाएंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25